**Construction Work of University**

***128.** **SH. LEELA RAM, M.L.A.:** Will the Education Minister be pleased to state the time by which the construction work of Maharishi Balmiki Sanskrit University in village Mundri, district Kaithal is likely to be started?

**(Notice received on 29.01.2020)**

---

**<u>Reply of Sh. Kanwar Pal, Education Minister</u>**

Sir, the construction work of Maharishi Balmiki Sanskrit University, Mundri, District Kaithal is likely to be started within six months.

विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य

*128. **श्री लीला राम, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला कैथल के गांव मुंदड़ी में महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है?

---

श्री कंवर पाल, शिक्षा मंत्री का कथन

महोदय, महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, गांव मुंदड़ी, जिला कैथल का निर्माण कार्य छः महीने के भीतर आरम्भ होने की संभावना है।

# पैड के लिए नोट

महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, गाँव मूंदड़ी, जिला कैथल में हरियाणा सरकार द्वारा महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2018 (हरियाणा अधिनियम संख्या 20/2018) द्वारा स्थापित किया गया है। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय अस्थाई तौर पर डा0 भीम राव अम्बेड़कर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा, कैथल मे चल रहा है। महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए गांव मूंदड़ी, ब्लॉक और जिला कैथल के राजस्व क्षेत्र में स्थित 161 कनाल–05 मरला (20 एकड़–01 कनाल 05 मरला) भूमि को ग्राम पंचायत तथा विकास और पंचायत विभाग द्वारा 33 वर्षो के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग को पट्टे पर दिया गया है।

विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य खसरा नंबर 64 // 4/2, 7 जो कि विश्वविद्यालय को आवंटित किए गये है, में बी0पी0एल0 प्लॉटों की मौजूदगी के कारण स्थल नक्शा/नक्शा को अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त महोदय, कैथल को भी बी0पी0एल0 प्लॉटों को स्थानांतरण के लिए अनुरोध किया गया है इसके अतिरिक्त एक बरसाती नाला भी इस जमीन से होकर गुजर रहा है और नाले के साथ एक सड़क का निर्माण करने के लिए, दिनांक 07.02.2020 को कार्यकारी अभियंता, पुंडरी जल सेवा प्रभाग, कैथल से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को आवंटित भूमि (खसरा नंबर 54, 55, 64, 65 आदि) से बिजली लाइन गुजर रही है जो निर्माण कार्य शुरू करने में बाधा पैदा कर रही है। इस संबंध में, सब डिवीजन नंबर 1, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पुंडरी ने 57,78,713/–रूपये की मांग की है और यह राशि विश्वविद्यालय द्वारा उप–मण्डल अधिकारी, संचालन, उप–मण्डल नंबर 1, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पुंडरी के पास दिनांक 05.02.2020 को जमा करवा दी गई है। उपरोक्त सभी समस्याओं का निदान करते हुए निर्माण कार्य संभवतः छः महीने के भीतर आरम्भ होने की संभावना है।

महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मूंदड़ी, कैथल को पूंजी निर्माण व सामान्य व्यय के लिए निम्नलिखित प्रभाव के लिए अनुदान सहायता राशि जारी की गई है :–

| क्रमांक सं0 | वित्तीय वर्ष | पूंजी निर्माण के लिए (लाखों में) | सामान्य व्यय के लिए (लाखों में) | कुल राशि (लाखों में) | सस्वीकृति जारी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2018–19 | 100.00 | 100.00 | 200.00 | यदि क्रमांक न0 2/13–2018 यू0एन0पी0 (4), दिनांक 16.11.2018 तथा 01.03.2019. |
| 2 | 2019–20 | 250.00 | 350.00 | 500.00 | यदि क्रमांक न0 2/6–2019 यू0एन0पी0 (4), दिनांक 10.05.2019, 04.07.2019, 16.10.2019 तथा 01.03.2019. |
| | कुल | 350.00 | 350.00 | 700.00 | |

महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मूंदड़ी, कैथल को पहले ही पूंजीगत संपत्ति के सृजन के लिए 350.00 लाख रूपये की राशि आवंटित की जा चुकी है तथा निविदाओं को आमंत्रित करते हुए और जल्द से जल्द निर्माण कार्य विश्वविद्यालय द्वारा ही आरम्भ किया जाए क्योंकि फंड वित्तीय वर्ष के भीतर ही उपयोग किए जाने योग्य है।